प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

कक्षा - नौवीं समय - 3 घंटे

विषय - हिंदी पूर्णांक - 80

- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखें।
- एक प्रश्न के सभी खंडों के उत्तर एक ही जगह लिखें।
- बहुवैकल्पिक प्रश्न में सबसे सटीक उत्तर का चयन करें।

खंड - अ (अपठित गद्यांश-पद्यांश)

1. समाज में रहने वाले लोगों के लिए कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं।प्रगतिशील मनुष्य कभी-कभी उन नियमों को बंधन या ज़ंजीर समझ बैठते हैं।वास्तव में वे ज़ंजीर नहीं हैं बल्कि ये नियम हमारे जीवन शैली को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए हैं।यदि हम इन नियमों का पालन अच्छी तरह करें तो समाज में शांति बनी रहेगी।किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होगी।आज दुनिया विकास के दौर में है।नए-नए प्रयोग हो रहे हैं।जहाँ एक ओर विज्ञान बहुत सारे उपकरण देकर हमारी दिनचर्या में परिवर्तन कर रहा है वहीं पश्चिमी देशों के संपर्क में आने से हमारी जीवनशैली भी बदल रही है।आज़ हमारा समाज बदल रहा है।एक मुक्त वातावरण में जीवन जीने की इच्छा बढ़ती जा रही है।हालांकि यह कल्पित आज़ादी एक छलावा है।मात्र एक छद्म है, क्योंकि हम जिस जीवन शैली को नियंत्रित या बंधनयुक्त कह रहे हैं यदि हम उसकी गहराई में उतर कर चिंतन करें तो हम पाएंगे कि ऐसा तो कुछ है ही नहीं।बल्कि यह जीवन शैली पाश्चात्य जीवन शैली से कहीं अधिक संयमित, सरल और सुखद है परंतु ज्यों-ज्यों विज्ञान के साथ संचार व्यवस्था की सुविधाएं बढ़ी हैं दूसरों की ओर हमारा आकर्षण भी बढ़ा है।हम अपनी जड़ें खोद रहे हैं और कहीं ना कहीं नकल करने के लिए उतावले हो रहे हैं।नकल नकली दुनिया का प्रारंभिक चरण है और नकली जीवन कभी भी सुखद नहीं हो सकता है।

   ऊपर लिखित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के सही उत्तर का विकल्प चुनें - (1×3=3)

(i) कथन - हमारे पुराने नियम बंधन नहीं है।
 कारण - यह हमारे जीवन शैली को नियंत्रित करते हैं।
 (क) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
 (ख) कथन सही है परंतु कारण गलत है।
 (ग) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की पुष्टि करता है।
 (घ) कथन और कारण दोनों सही है परंतु कारण कथन की पुष्टि नहीं करता।

(ii) प्राचीन नियम कैसे हैं ?
 (क) संयमित, सुखद और सरल
 (ख) लोगों को बाँधकर रखने वाले
 (ग) बेतुके, पश्चिमी सभ्यता से कमजोर
 (घ) अप्रभावी एवं कष्टप्रद

(iii) विज्ञान की प्रगति का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?
 (क) दिनचर्या बदल गई है
 (ख) भोजन बदल गया है
 (ग) अधिक सोने लगे हैं
 (घ) पहनावा बदल गया है

(iv) हम अपनी जड़ें कैसे खोद रहे हैं? (2)

(v) पश्चिमी देशों के संपर्क में आने से क्या प्रभाव पड़ा है? (2)

2. प्रातः नभ था
बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
बहुत काली सिल
ज़रा सी लाल केसर
कि जैसे घुल गई हो
स्लेट पर या लाल खड़िया चॉक
मल दी हो किसी ने
नील जल में
या किसी की गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो।
और ..........
जादू टूटता है इस उषा का अब
सूर्योदय हो रहा है।

इस पद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें - (1×3=3)

(i) प्रातः का आकाश कैसा था ?
(क) हाथी जैसा काला
(ख) नीले शंख जैसा
(ग) बगुले सा सफेद
(घ) राख से पुता

(ii) नील जल में क्या हिल रहा था ?
(क) किसी का गोरा देह
(ख) सूरज की किरणें
(ग) आकाश की परछाई
(घ) नीला शंख

(iii) 'राख से लिपा हुआ चौका' का प्रयोग किसके लिए किया गया है ?
(क) दोपहर के आसमान
(ख) शाम के आसमान
(ग) भोर के आसमान
(घ) सुबह के आसमान

(iv) उषा काल की विशेषताओं को लिखें।(2)

(v) कविता में किन उपमानों का उल्लेख हुआ है? (2)

## खंड - ब (व्यावहारिक व्याकरण)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर निर्देशानुसार लिखें - (1×4=4)
(क) 'सु' उपसर्ग जोड़ कर दो शद्ब लिखें।
(ख) 'प्र' उपसर्ग जोड़ कर दो शद्ब लिखें।
(ग) 'एरा' प्रत्यय जोड़ कर दो शद्ब लिखें।
(घ) 'ईन' प्रत्यय जोड़ कर दो शद्ब लिखें।
(ङ) 'वि' उपसर्ग और 'इया' प्रत्यय जोड़ कर एक-एक शद्ब लिखें।

4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर निर्देशानुसार लिखें - (1×4=4)
(क) 'नीलकमल' का विग्रह कर समास का नाम लिखें।
(ख) 'नौ ग्रहों का समूह' का समस्त पद एवं समास का नाम लिखें।
(ग) 'हिमालय' का विग्रह कर समास का नाम लिखें।

(घ) 'शक्ति के अनुसार' का समस्त पद एवं समास का नाम लिखें।
(ङ) 'दशानन' का विग्रह कर समास का नाम लिखें।
5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर निर्देशानुसार लिखें - (1×4=4)
(क) 'नई दिल्ली भारत की राजधानी है'।अर्थ की दृष्टि से किस प्रकार का वाक्य है?
(ख) विस्मयादिबोधक वाक्य का एक उदाहरण लिखें।
(ग) इच्छावाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखें।
(घ) 'वहाँ कोई खड़ा है'।अर्थ की दृष्टि से किस प्रकार का वाक्य है?
(ङ) प्रश्नवाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखें।
6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर निर्देशानुसार लिखें - (1×4=4)
(क) यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखें।
(ख) 'मुदित महिपति मंदिर आए' में कौन-सा अलंकार है?
(ग) श्लेष अलंकार का एक उदाहरण लिखें।
(घ) 'पाकर सोना भूल गया सोना' में कौन-सा अलंकार है?
(ङ) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा लिखें।

खंड - स (पाठ्य-पुस्तकों से)

7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प का चयन कर लिखें - (1×5=5)
दूसरे दिन गया ने बैलों को हल में जोता, पर इन दोनों ने जैसे पाँव न उठाने की कसम खा ली थी।वह मारते-मारते थक गया, पर दोनों ने पाँव न उठाया।एक बार जब उस निर्दयी ने हीरा की नाक पर खूब डंडे जमाए, तो मोती का गुस्सा काबू से बाहर हो गया।हल लेकर भागा।हल, रस्सी, जुआ, जोत, सब टूट-टाट कर बराबर हो गया।गले में बड़ी-बड़ी रस्सियाँ न होतीं, तो दोनों पकड़ाई में न आते।
हीरा ने मूक भाषा में कहा, "भागना व्यर्थ है"।
मोती ने उत्तर दिया, "तुम्हारी तो इसने जान ही ले ली थी"।
"अबकी बड़ी मार पड़ेगी"।
"पड़ने दो, बैलों का जन्म लिया है, तो मार से कहाँ तक बचेंगे ?"
(i) दूसरे दिन गया ने बैलों को किसमें जोता?
(क) गाड़ी में
(ख) हल में
(ग) कोल्हू में
(घ) रहट में
(ii) कथन - गया के मारने पर भी बैलों ने पैर न उठाए।
कारण - दोनों ने पैर न उठाने की कसम खा ली थी।
(क) कथन सही है पर कारण ग़लत है।
(ख) कथन ग़लत है पर कारण सही है।
(ग) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(घ) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।
(iii) दोनों बैल किस कारण से पुनः पकड़ में आए?
(क) गया ने उन्हें वश में कर लिया।
(ख) लोगों ने गया की सहायता की।
(ग) बैलों ने समर्पण कर दिया।
(घ) बैलों के गले में बड़ी-बड़ी रस्सियाँ थीं।
(iv) मोती का गुस्सा बेकाबू क्यों हो गया था?
(क) हीरा को खूब पीटा गया था।
(ख) उसे खूब पीटा गया था।
(ग) मोती को हल चलाना पसंद नहीं था।

(घ) मोती को तीन दिनों से भूखा रखा गया था।
(v) मार से न बचने का कौन-सा कारण बताया गया है?
(क) गया बहुत निर्दयी था।
(ख) बैल के रूप में जन्म लेना।
(ग) हल में न चलना।
(घ) हीरा का उद्दंड होना।
8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर 25-30 शब्दों में लिखें -(2×3=6)
(i) सालिम अली पक्षी प्रेमी कैसे बने ?
(ii) ल्हासा जाते वक्त लेखक को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?
(iii) महादेवी ने किस बात को सपने जैसा कहा है और क्यों ?
(iv) परसाई जी ने प्रेमचंद के संदर्भ में उनकी कौन-सी विशेषताएँ बताई हैं ?
9. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प का चयन कर लिखें - (1×5=5)

काली तू, रजनी भी काली,
शासन की करनी भी काली,
काली लहर, कल्पना काली,
मेरी काल कोठरी काली,
टोपी काली, कमली काली,
मेरी लौह शृंखला काली,
पहरे की हुंकृति की ब्याली,
तिस पर है गाली, ऐ आली !
इस काले संकट-सागर पर
मरने की, मदमाती !
कोकिल बोलो तो !
अपने चमकीले गीतों को
क्योंकर हो तैराती ?
कोकिल बोलो तो !

(i) कवि ने इनमें से किसे काली नहीं कहा है ?
(क) रात को
(ख) टोपी को
(ग) कोयल को
(घ) गीतों को
(ii) अंग्रेज़ों का शासन कैसा था?
(क) उदार
(ख) दमनकारी
(ग) अत्याचारी
(घ) ख और ग दोनों
(iii) कवि ने पहरे को कैसा बताया है?
(क) नागिन की तरह
(ख) बाघिन की तरह
(ग) कोयल की तरह
(घ) सागर की तरह
(iv) कथन - कवि को सबकुछ काला लग रहा है।
कारण - कवि को जीने की इच्छा नहीं है।
(क) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(ख) कथन सही है पर कारण ग़लत है।
(ग) दोनों सही हैं और कारण कथन की पुष्टि करता है।
(घ)दोनों सही हैं और कारण कथन की पुष्टि नहीं करता है।
(v) कवि को गाली की तरह क्या लगता है?
(क) अंग्रेज़ों का शासन
(ख) भारतीयों की उदासीनता
(ग) कोयल की कूक
(घ) अपनी दशा
10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर 25-30 शब्दों में लिखें -(2×3=6)
(i) कवि रसखान किन-किन रूपों में ब्रज में जन्म लेना चाहते हैं और क्यों ?
(ii) पंत ने गाँव को मरकत डिब्बे-सा खुला क्यों कहा है ?
(iii) बच्चों के काम पर जाने को कवि ने एक बड़े हादसे के समान क्यों माना है ?
(iv) ज्ञान की आँधी के आने पर क्या होता है ?
11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर 50-60 शब्दों में लिखें -(4×2=8)
(i) बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की स्थिति का उल्लेख करें।
(ii) लेखिका की परदादी की विशेषताओं को लिखें।
(iii) उमा और शंकर में से समाज को किस प्रकार के व्यक्तित्व की आवश्यकता है और क्यों ?

खंड - द (रचनात्मक लेखन)

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें - (6)
(क) परिश्रम की महत्ता
(भूमिका, आवश्यकता, लाभ, उपसंहार)
(ख) आत्मनिर्भरता
(परिचय, उन्नति का मूल मंत्र, क्षेत्र, एक सद्‌गुण, उपसंहार)
(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य
(भूमिका, लक्ष्य, निर्धारण के कारण/प्रेरणा, लाभ, प्राप्ति के उपाय)
13. (क) अपने विद्यालय में नई खेल सामग्री मँगवाने के लिए अपने प्राचार्य को 150 शब्दों में एक आवेदन पत्र लिखें।
अथवा
(ख) प्रातः काल भ्रमण के लिए नियमित रूप से जाने के लिए अपने मित्र को 150 शब्दों में एक पत्र लिखें। (5)
14. (क) परीक्षा की तैयारी को लेकर दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को 100 शब्दों में लिखें।
अथवा
(ख) निम्नलिखित संदर्भ बिंदुओं के आधार पर 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखें - (5)
समय……….. लापरवाही में बेकार व्यतीत करना……….. एक विद्यार्थी……………. आलसी प्रवृत्ति………….. बड़े-बड़े सपने देखना………… मेहनत से भागना………. परिणाम खराब होना………. अंत में पछताना।
15. (क) आपके विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया।इसके लिए 80 शब्दों में एक प्रतिवेदन लिखें।
अथवा
(ख) आपके विद्यालय में गायन प्रतियोगिता आयोजित होने वाली है।इसके लिए 80 शब्दों में एक सूचना लिखें।(4)

***********************************